दिनांकः 15.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज डीग जिले के पूंछरी का लौठा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पूंछरी का लौठा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि गिर्राज जी के परिक्रमा के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए राजस्थान की सीमा में आने वाले परिक्रमा पथ को विकसित किया जाएगा।

............

इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के क्रम में मुख्यमंत्री आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में सरकार के एक साल के कार्यकाल को समर्पित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। वे अमर जवान ज्योति पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री, एसएमएस से 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन और 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहनों को रवाना करेंगे। इसी प्रकार 750 मोटरसाइकिलों का वितरण होगा। मुख्यमंत्री इसी दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरूआत भी करेंगे।
आज ही दोपहर में जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में अंत्योदय सेवा शिविरों का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 2 हजार दिव्यांगों को स्कूटी और 10 हजार विशेष योग्यजन को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित करेंगे।
दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना शुरू की जाएगी। 'मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' की भी आज से शुरू होगी। इस योजना के तहत 11 हजार स्ट्रीट वेंडर को ऋण स्वीकृति दी जाएगी। श्री शर्मा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री सद्‌भावना केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री हर विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी प्रदान करेंगे। इसके अलावा, आयुष्मान आरोग्य शिविर अभियान का भी शुभारंभ किया जाएगा।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कई स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने का श्री शर्मा का लम्बा अनुभव राजस्थान के चहुंमुखी विकास में उपयोगी साबित हो रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी अपने संदेश में बधाई देते हुए मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना की।

............

राष्ट्र, आज देश के पहले गृहमंत्री और लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनका व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

............

प्रदेश में कई जगहों पर तापमान में और गिरावट आने से सर्दी का असर बढ़ गया है। अधिकांश स्थानों पर पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम माइनस 1 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। माउंट

आबू में 1 दशमलव 2 डिग्री, चूरू में 1 दशमलव 6, भीलवाडा में 2 दशमलव 2, सीकर में 2 दशमलव 5, पिलानी, सिरोही, संगरिया में 2 दशमलव 6, चित्तौडगढ और करौली में 3 दशमलव 2, अलवर में 4, बारां में 4 दशमलव 5, बीकानेर में 4 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में रात का तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

............